दिन– गुरूवार

दिनांक– 24 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार की धरती से दी चेतावनी। कहा– पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जायेगी।

02. श्री मोदी ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

03. प्रधानमंत्री ने आठ सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत वाली रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जयनगर–पटना नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा–मुम्बई अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कहा–अभी और बढ़ेगी गर्मी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। श्री मोदी ने मधुबनी के झंझारपुर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत इस हमले में शामिल हर एक गुनहगार को चुन–चुन कर सजा देगा। उन्होंने कहा कि आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जायेगी।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा देश दुःखी है। उन्होंने कहा कि हम देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहते है कि इस मामले में पूरा देश एकजुट है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन से पहले मौन धारण कर आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

–––बाइट–––

---

इससे पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर ने तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने पीएम आवास योजना शहरी और ग्रामीण के लाभुकों को राशि जारी की और कई लाभार्थियों को आवास की सांकेतिक चाभी भी सौंपी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो रहा है। उन्होंने पीएम आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि इस योजना के जरिए गरीबों और वंचितों को घर दिए जा रहे है।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से आज लाखों गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग की महिलाएं समाज सेवा का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों के माध्यम से बिहार में लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं।

---बाइट---

श्री मोदी ने पंचायतों में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की सरकार के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री ने मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण और बिक्री के लिए सरकार के द्वारा किए गए उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि मखाना किसानों के दिन अब बदलने वाले है। उन्होंने कहा कि मखाना सुपरफूड के रूप मे मिथिला की खुशबू को दुनियाभर में पहुंचा रहा है।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री ने मिथिला और कोसी क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ से होने वाली तबाही का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार को इसकी चिंता है। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र में ग्यारह हजार करोड़ रुपये की लागत से नहरों और बांधों का निर्माण किया जाएगा। इससे बाढ़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और किसानों को फायदा होगा।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री ने गोपालगंज जिले में तीन सौ चालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले भारत गैस बॉटलिंग प्लांट का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह प्लांट जिले के मीरगंज स्थित बियाडा कैंपस में लगाया जायेगा। आज इस अवसर पर शिलान्यास स्थल पर पश्चिम चंपारण के सांसद संजय जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

प्रधानमंत्री ने आठ सौ 70 करोड़ रूपए की लागत वाली रेल परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया और चार रेलगाड़ियों को हरीझंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रेपिड रेल तथा सहरसा और मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झंडी दिखाकर रवाना किया।

———बाइट———

श्री मोदी ने सहरसा से पिपरा और समस्तीपुर से सहरसा के बीच दो पैसेंजर रेलगाड़ियों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही सुपौल से पिपरा, हसनपुर से बिथान और खगड़िया से अलौली के बीच रेल लाइनों का उद्‌घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया।

---

जयनगर–पटना के बीच शुरू की गई नमो भारत रैपिड रेल में यात्रा कर रहे यात्रियों ने ट्रेन में उपलब्ध यात्री सुविधाओं की सराहना की और प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में एनडीए सरकार के गठन के बाद विकास के कार्य तेजी से किए जा रहे है। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र के सहयोग से राज्य की विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर कहा कि वे एनडीए में है और भाजपा को छोड़कर दूसरी जगह जाने का कोई प्रश्न नहीं है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सीवान, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, समेत राज्य के राज्य के कई स्थानों पर अधिकतम पारा चौवालीस डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने बताया है कि अगले दो दिनों तक विभिन्न भागों में हीटवेव चलने की संभावना है।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को उनकी इक्यावनवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। बेगूसराय के सिमरिया स्थित उनके पैतृक आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिलाधिकारी तुषार सिंगला और अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इधर, इस मौके पर पटना के बापू सभागार में रश्मिरथि पर्व का आयोजन किया गया। जहां पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. सीपी ठाकुर, फिल्म निर्माता इम्तियाज अली और जानेमाने कवि बलवीर सिंह वरूण को राष्ट्रकवि दिनकर सम्मान दिया गया है। वहीं, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान और समाजसेवी स्वर्गीय किशोर कुणाल को मरणोपरांत सम्मानित किया गया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार की धरती से दी चेतावनी। कहा– पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जायेगी।

02. श्री मोदी ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

03. प्रधानमंत्री ने आठ सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत वाली रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जयनगर–पटना नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा–मुम्बई अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कहा–अभी और बढ़ेगी गर्मी।

---

समाप्त